हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार, 4 जून 2025


तापमान

अधिकतम 30 .5 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री


9 डबुआ मंडी में ईको एम्पॉवर प्रोजेक्ट हुआ लांच





10 चारधाम यात्रा जाने वाले यात्री बुकिंग के समय रहें सावधान




### सिटी पुलिस थाने के सामने दुकान बनाकर किया था कब्जे का प्रयास

# नप की करोड़ों की जमीन पर माफिया की नजर कब्जे का प्रयास करने वालों पर अफसर मेहरबान

■ जेसीबी से दुकान तोड़ने के बाद शिकायत तक दर्ज कराने से बच रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

नगर परिषद की शहर में खाली पड़ी जमीनों पर आजकल माफिया की पैनी निगाहें टिकी हुई हैं। मौका मिलते ही इन जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास किया जाता है, परंतु नगर परिषद के अधिकारी ऐसा करने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज कराने से बचते हैं। हाल ही में सिटी पुलिस पुलिस स्टेशन के सामने नप की बेशकीमत जमीन पर दुकान बना डाली। अधिकारियों ने जेसीबी चलाकर दुकान तो ध्वस्त कर दी, परंतु इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई।



रेवाड़ी। दुकान तोड़ते हुए नगर परिषद की जेसीबी मशीन।




फोटो :हरिभूमि

शहर में कई जगहों पर नगर परिषद की जमीन है। इन जमीनों पर कब्जा जमाने के लिए हमेशा माफिया की नजर लगी रहती है। एक बार पुख्ता कब्जा करने के बाद जमीन खाली कराना आसान नहीं होता। सिटी पुलिस थाने के पास भी नगर परिषद की जमीन है। बीते शनिवार व रविवार दो दिन के अंदर इस जमीन पर दुकान तैयार कर दी। तैयार की गई दुकान पर शटर लगाना ही शेष था। बीते सोमवार को शहर के प्रबुद्ध लोगों ने नप अधिकारियों के समक्ष मामला उठाया तो अधिकारियों की नींद टूट गई। सूत्रों के अनुसार सरेआम नप की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास नप प्रशासन के इशारे के बिना संभव नहीं है। सवाल यह उठ रहा है कि अवकाश का दिन होने पर क्या नगर परिषद को अपनी संपत्ति की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं होती। मामला तूल पकड़ने से पहले ही सोमवार को नप की टीम ने जेसीबी मशीन से तैयार की गई दुकान को जमींदोज तो कर दिया, परंतु कब्जे का प्रयास करने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज कराना जरूरी नहीं समझा।

#### ब्रास मार्केट में भी चुका कब्जे का प्रयास

गत वर्ष ब्रास मार्केट में भी नगर परिषद की जमीन पर दुकान बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया गया था। इस मुहिम में कई नगर परिषद से जुड़े लोग ही शामिल थे। मामले ने जबरदस्त तरीके से तूल पकड़ लिया था। इसके बाद नगर परिषद अधिकारियों ने निर्माणाधीन दुकानों को तुड़वा दिया था। इस मामले में नगर परिषद कब्जे का प्रयास करने वाले लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में नाकाम रही थी। इससे पूर्व बस स्टैंड के पास भी एक जमीन पर कब्जे का प्रयास किया जा चुका है।

#### अवकाश का फायदा उठाकर बनाई दुकान



दो दिन का अवकाश होने के कारण नप की जमीन पर दुकान बनाई गई। जैसे ही दुकान बनाने की जानकारी मिली, उसे जेसीबी मशीन से तुरंत तोड़ दिया गया। चूंकि जमीन पर कब्जा करने के प्रयास के आरोपी की पहचान नहीं हो सकी है, इसलिए एफआईआर दर्ज नहीं कराई जा सकी है।

-नरेश कुमार, एमई।

#### पुराने कब्जों को खाली कराने के प्रयास नहीं

जानकार सूत्रों के अनुसार नगर परिषद की जमीनों पर कब्जे की मुहिम दशकों से चली आ रही है। कंकरवाली में जोहड़ की जमीन पर कब्जे का मामला अभी तक नहीं सुलझा नहीं है। रसूकदार लोगों के कब्जे में नगर परिषद की काफी जमीन है। इन कब्जों को लेकर अधिकारियों को जानकारी भी है, परंतु जमीन खाली कराने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि नप से जुड़े रहे लोग ही कब्जों की इस मुहिम का हिस्सेदार बने रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### समारोह स्थल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**बावल।** साबन रोड नेशनल हाइवे के पास एक समारोह स्थल के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में रानोली निवासी मनोज कुमार ने बताया कि वह एक कंपनी में काम करता है। कंपनी जाने के लिए वह घर से बाइक लेकर आया था। एक समारोह स्थल के बाहर रात को बाइक खड़ी करने के बाद वह कंपनी चला गया। सुबह वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। बावल थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### बाइक लेकर घर से निकला युवक लापता

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 में रहने वाला युवक घर से बाइक लेकर गुरूग्राम के लिए जाने के बाद वापस नहीं आया। पुलिस शिकायत में जिले सिंह ने बताया कि उसका बेटा 33 वर्षीय अनिल कुमार गत 14 मई को गुरूग्राम की कंपनी में नौकरी पर जाने की बात कहते हुए घर से निकला था। इसके बाद उसने कोई फोन नहीं किया। जब उसने फोन किया तो उसका मोबाइल बंद आ रहा था। उसने अपने स्तर पर अनिल की काफी तलाश की, परंतु उसका कोई पता नहीं चल सका। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद युवक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### मारपीट का आरोपी पति किया गिरफ्तार

**खोरी।** डालावास में महिला के साथ मारपीट करने के आरोपी पति को रामपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। महिला ने पुलिस बयान में आरोप लगाया था कि उसका पति ईश्वर उसके साथ मारपीट करता है। पति की मारपीट से उसका हाथ टूट गया। उसने पहले भी पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन परिजनों के कहने पर समझौता कर लिया था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज किया था। अब आरोपी ईश्वर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### प्राइमरी स्कूल में सेंध लगाकर सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** खलियावास के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में स्कूल के जेबीटी टीचर नरेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह के समय जब स्कूल पहुंचा तो ऑफिस व किचन के ताले टूटे हुए थे। उसने पुलिस को तुरंत इसकी सूचना दी। चोर ऑफिस से बैट्री, इन्वर्टर, स्पीकर व अग्निशमन यंत्र चोरी कर ले गए। उसकी शिकायत पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी कर केस दर्ज कर लिया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने बोहका में घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नरेंद्र की शिकायत व मारपीट के वीडियो के बाद चार आरोपियों के खिलाफ 2 जून को केस दर्ज किया था। वीडियो में मारपीट करना का नजारा कैद हो गया था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी धर्मबीर को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सीआईए धारूहेड़ा ने आसलवास फ्लाईओवर के नीचे देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कसोला थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया है। सीआईए को सूचना मिली थी कि संगवाड़ी निवासी रोहित अपने साथ हथियार लेकर घूम रहा है। वह आसलवास फ्लाईओवर के नीचे हथियार के साथ खड़ा किसी के आने का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम मौके पर पहुंच गई। बताए गए हुलिया के आधार पर वहां खड़े युवक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम संगवाड़ी निवासी रोहित बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से देशी पिस्टल बरामद हुआ। चैंबर खोलकर चेक किया तो उसमें दो जिंदा कारतूस थे।

सीआईए ने आरोपी को मौके पर काबू करने के बाद कसोला पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने के बाद पूछताछ शुरू कर दी।



रेवाड़ी। अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी। फोटो :हरिभूमि

## कोचिंग के बहाने नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी काबू, कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने कोचिंग का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव धोलेड़ा निवासी निलेश कुमार के रूप में हुई है।

जिले के एक गांव निवासी व्यक्ति ने गत 16 मई को अपनी शिकायत में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी गांव में ही एक कंप्यूटर सेंटर पर कंप्यूटर सिखने जाती है। 12 मई को उसकी बेटी आगे की पढ़ाई के लिए रेवाड़ी में कोचिंग सेंटर देखने के लिए गई थी, लेकिन इसके बाद वापस घर नहीं आई। उसी दिन शाम को उसकी भतीजी के मोबाइल पर मैसेज आया कि उसकी बेटी अगले दिन घर पर वापस आएगी। 13 मई को जब उसकी बेटी घर आई तो वह गुमशुम थी। उसकी बेटी ने बताया कि गांव की रहने वाली उसकी सहेली ने अपने मंगेतर के दोस्त निलेश से बात करने के लिए उसे कहा था। निलेश ने उसे सीए की कोचिंग दिलाने का झांसा देकर 12 मई को रेवाड़ी बस स्टैंड पर बुला लिया। आरोपी ने नाबालिग को धारूहेड़ा स्थित कोचिंग सेंटर पर चलने के लिए कहा। आरोपी निलेश उसकी नाबालिग बेटी को धारूहेड़ा की बजाय दिल्ली एक कमरे पर ले गया। वहां पर एक और युवक पहले से मौजूद था।

#### पानी में मिलाकर पिलाया नशीला पदार्थ

आरोपी निलेश ने उसकी नाबालिग बेटी को पानी में नशीला पदार्थ पिला दिया, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। जो बेहोशी की हालत में आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया है तथा उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर चुप रहने के लिए कहा है। जिस पर पुलिस ने नाबालिग के पिता की शिकायत पर थाना शहर रेवाड़ी में पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जो जांच के बाद पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी निलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लिया गया है।

## कोर्ट से स्टे के बावजूद कपास की फसल पर टैक्टर चलाया

### पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ डहीना

■ साढ़े 3 एकड़ कपास व 1.5 एकड़ अरहर की फसल पर ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया

■ पुलिस मामले की जांच कर रही, यह मामला एसपी के आदेश पर दर्ज किया गया

बुड़ौली में कोर्ट से स्टे होने के बावजूद कपास की फसल पर ट्रैक्टर चलाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में खोल थाना पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह मामला एसपी के आदेश पर दर्ज किया गया है। एसपी को दर्ज शिकायत में बुड़ौली निवासी विधवा सुदेश देवी ने बताया कि उसकी गांव में कृषि भूमि है। उसकी जमीन पर सीहा निवासी राजबीर ने पूर्व में कब्जा करने का प्रयास किया था। उसने जमीन पर विवाद के चलते कोर्ट में केस दायर किया था। कोर्ट ने जमीन पर स्टे दिया हुआ है। महिला ने आरोप लगाया कि गत 25 मई की रात को राजबीर अपने साथी औलांत निवासी नितिन व पांच लोगों को ट्रैक्टर व पिकअप गाड़ी से लेकर उसके खेत में चला गया। उसकी साढ़े 3 एकड़ कपास व 1.5 एकड़ अरहर की फसल पर ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कर दिया।

#### पुलिस पहुंचने से पहले भागे आरोपी

महिला ने बताया कि वह अपने परिजनों के साथ मौके पर पहुंची तो इन लोगों ने उसे पिकअप चढ़ाकर जान से मारने की धमकी दी। उसने डायल-112 पर फोन करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले आरोपी वहां से भाग गए। एसपी ने उसकी शिकायत को कार्रवाई के लिए थाना खोल पुलिस के पास भेज दिया। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

### चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह बाइक महेंद्रगढ़ के थाना अटेली क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के लिए बासदुधा मोड़ पर नाकेबंदी की हुई थी। इसी दौरान कुंड की ओर से आ रही एक बाइक को रुकवाकर चेक किया तो बाइक के पीछे नंबर प्लेट नहीं थी। आगे लगी नंबर प्लेट पर लिखे नंबरों को चालानिंग मशीन से चेक किया तो पंजीकरण नंबरों का इंजन व चेसिस नंबरों से मिलान नहीं हुआ। पुलिस ने बाइक चालक से कागजात दिखाने को कहा, तो वह कागजात भी नहीं दिखा सका। पूछताछ करने पर उसने नाम नारनौल के कुलताजपुर का रहने वाले मनीष बताया, जो इस समय हुड़यिा कलां गांव में रह रहा है। पुलिस ने इंजन व चेसिस नंबरों के आधार पर चेक किया, तो यह बाइक अटेली थाना क्षेत्र से चोरी की हुई पाई गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## सत्तापक्ष के नेता के बेटे के फोन से रुकी चालान की कार्रवाई

■ कालाका रोड पर जलाया जा रहा था कचरा, मौके पर पहुंची टीम बिना चालान किए लौटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

कालाका रोड पर मंगलवार सुबह एक प्रभावशाली कारोबारी ने प्रतिष्ठान में पड़े कचरे में आ लगा दी। लोगों ने इसकी सूचना डीएमसी को दी, तो डीएमसी ने नगर परिषद की टीम को कार्रवाई के लिए मौके पर भेज दिया। टीम के पास उसी समय एक भाजपा नेता के बेटे का फोन आ गया, जिसके बाद कर्मचारी आग बुझाकर बिना चालान किए लौट गए। सुबह के समय कालाका रोड पर कचरा जलाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि कुछ प्रबुद्ध लोगों ने इसका वीडियो बनाकर डीएमसी राहुल मोदी के पास भेज दिया। कचरे में आग लगाने के बाद धुआं के गुब्बार उठने शुरू हो गए थे। डीएमसी ने नप कर्मचारियों को आग लगाने वाले का चालान करने के लिए मौके पर भेज दिया। सूत्रों के अनुसार टीम में शामिल एक अधिकारी के पास भाजपा नेता के बेटे का फोन आ गया। उसने आग लगाने वाले का चालान नहीं करने का फरमान सुना दिया। इसके बाद टीम आग बुझाकर बिना कार्रवाई के लौट आई। इससे यह अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि अधिकारियों की कार्रवाई के रास्ते में नेताओं की संतान किस कदर रोड़ा बन जाती हैं।



रेवाड़ी। कालाका रोड पर आग लगाने के बाद जलता कचरा। फोटो :हरिभूमि

#### आग लगाने वाले का पता नहीं

डीएमसी राहुल मोदी ने बताया कि उन्होंने कचरा जलाने की सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेजकर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद क्या हुआ, उसके बारे में जानकारी नहीं है। दूसरी ओर सीएसआई सुधीर कुमार ने बताया कि मौके पर जाकर आग बुझा दी गई थी, लेकिन आग लगाने वाले के बारे में कोई जानकारी नहीं होने के कारण चालान नहीं किया जा सका।

### एक माह बाद सबसे ठंडा रहा दिन, मंगलवार को तापमान 30.5 डिग्री पर आया

# बादलों और बूंदाबांदी के चलते मौसम हुआ ठंडा

■ आज फिर हल्की या मध्यम बरसात की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

नौतपा बीत जाने से पहले ही मौसम में बार-बार आ रहे बदलाव ने लोगों को भारी गर्मी से राहत पहुंचाने का काम किया है। तापमान गिरकर 30.5 डिग्री पर आ गया है, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। लगभग एक माह बाद तापमान में इतनी कमी दर्ज की गई है। डेढ़ माह से भी ज्यादा समय शेष होने के बावजूद सावन जैसा मौसम बन गया है। 4 जून को भी हल्की या मध्यम बरसात होने की संभावना जताई जा रही है।

मंगलवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। अधिकतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 30.5 डिग्री पर आ गया, जबकि रात का तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पूर्व गत 2 मई को बरसात होने से तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस पर आया था, परंतु मौसम साफ होते ही पारा चढ़ना शुरू हो गया था। गत वर्ष की तुलना में इस साल मई के बाद जून माह की शुरूआत भी ठंडी रही है। गत वर्ष 3 जून को अधितम तापमान 44 डिग्री और न्यूनतम 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। गत वर्ष के मुकाबले इस बार गर्मी के मौसम में तापमान सामान्य से कम चल रहा है। तीन दिन पूर्व तक उमस भरी गर्मी का सामना करना रहे लोगों को अब ठंडे मौसम का लुत्फ उठाने का मौका मिल रहा है। कूलर की हवा भी कंपकंपी छुड़ाने लगी है। मंगलवार को शाम के समय बादलों के बीच कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। गहरे बादल छाए रहने के कारण बारिश की संभावना बनी हुई थी। मौसम ठंडा होने के कारण बिजली की दैनिक खपत में भी 20 लाख यूनिट तक की कमी आई है, जिससे लोगों को पावर कटों से राहत मिल गई है।



रेवाड़ी। बारिस के बाद एक खेत में छाई हरियाली। फोटो :हरिभूमि

#### किसानों ने बाजरे की बिजाई शुरू कर दी

इस समय बाजरे की बिजाई को कृषि विभाग उपयुक्त मान रहा है। समय से पहले बारिश होने के कारण किसानों ने बाजरे की बिजाई शुरू कर दी है। जो किसान पहले बिजाई कर चुके, रुक-रुककर होने वाली बरसात उनकी फसल को फायदा पहुंचा रही है। जेठ माह के दौरान खेत वीरान हो जाते हैं। पेड़ों के पत्ते तक भारी गर्मी से सूख जाते हैं। इस बार बरसात के चलते पेड़ों से लेकर खेतों तक सावन जैसी हरियाली नजर आ रही है। कृषि विभाग के एसडीओ दीपक यादव ने बताया कि जिन इलाकों में 50 एमएम तक बरसात हो चुकी है, वहां किसान बाजरे की बिजाई कर सकते हैं।

### बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चोरी

**डहीना।** ढाणी ठेठरबाढ़ गांव में चोर एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी कर ले गए। डहीना पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में प्रवीण देवी ने बताया कि उसका पति विदेश में रहता है। वह गत 17 मई को अपने मायके चली गई थी। उसके ससुर ने फोन पर मकान में चोरी होने के बारे में बताया। वह मायके से वापस आ गई। घर के अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर अलमारी से लगभग 10 लाख रुपये के जेवर व 20 हजार रुपये चोरी कर ले गए। उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर आकर वीडियोग्राफी कराते हुए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को मौके पर बुलाया। केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



# खतरनाक अंदाज में दिखे राजकुमार राव

**मुंबई।** राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है।

## लाइफ Style

# धनश्री

## एक बार फिर प्यार करने के लिए हैं तैयार

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने कॅरियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने कॅरियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने कॅरियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं। बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा 'मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था।

मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।' धनश्री ने आगे कहा 'फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं। मैं खुद को बेहतरीन तरीके से प्रेजेंट करने पर ध्यान दे रही हूं।' दोबारा प्यार करने के सवाल पर धनश्री ने कहा- 'नसीब में अच्छा लिखा है तो क्यों नहीं?



## हॉलीवुड मसाला



# गोलियों से छलनी मिली जोनाथन जोस की लाश

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है। 59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बता दें जोनाथन जोस का कॅरियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।




# रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया गंभीर आरोप

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे। वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं।



# सैयारा में लॉन्च हो रहे दो नए संगीतकार

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स की अगले महीने रिलीज होने जा रही फिल्म सैयारा का शीर्षक गाना मंगलवार को ऑन लाइन रिलीज हुआ तो लोगों न सिर्फ इसमें एक खनकती हुई नई आवाज सुनाई दी, बल्कि इस गाने ने यशराज फिल्म्स की संगीत परंपरा में भी एक नया और जोशीला अध्याय जोड़ने की कोशिश की। मोहित सूरी की मानें तो वह पिछले पांच साल से इस फिल्म के गानों पर मेहनत करते रहे हैं। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक के साथ दो प्रतिभाशाली कश्मीरी कलाकारों की भी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो रही है। मोहित बताते हैं, इस ट्रैक के माध्यम से हम फहीम अब्दुल्ला और अर्सलान निजामी को लॉन्च कर रहे हैं। ये दोनों दो बेहद टैलेंटेड कंपोजर और सिंगर है। टाइटल गाने को तनिष्क बागची ने कम्पोज किया है, जिनका मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे फहीम और अर्सलान से मिलवाया।



# धूम 4 को अयान मुखर्जी करेंगे निर्देशित

**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस धूम सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग-अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब धूम 4 के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की स्क्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं।

## टीवी मसाला

# ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही से अब मच गया है हंगामा



**मुंबई।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज़ किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिल्कुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, 'राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, एक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूं। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा, लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीज़न 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!'

## विभू राघव के अंतिम संस्कार में पहुंचे सितारे

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी स्टार विभू राघव का दो जून को मुंबई में निधन हो गया है। वह 'निशा और उसके कजिन्स' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उनके निधन से पूरा टीवी जगत सदमे में है। एक्टर काफी दिनों से



कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। अब उनका अंतिम संस्कार हुआ है। उनके अंतिम संस्कार पर कई टीवी स्टार पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विभू राघव के अंतिम संस्कार के वक्त उनकी मां की हालत काफी बुरी रही। रो-रो कर उनका बुरा हाल है। उनकी फैमिली उनको संभालते हुए दिख रही है। उनके अंतिम संस्कार में नकुल मेहता, मोहित मलिक, मोहसिन खान, अनेरी वजानी और अंजलि आनंद पहुंचे। स्टार्स ने विभू को नम आंखों से विदाई दी। अभिनेत्री सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए विभू राघव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है 'मेरे खूबसूरत दोस्त विभू राघव अब फरिश्तों के साथ हैं। कल रात हमें छोड़कर चले गए। विभु तुम खूबसूरत थे। अंदर और बाहर से। तुमने मुझे सिखाया कि जब सब कुछ बिखर रहा हो, तब भी कैसे मुस्कुराना है। जब दुनिया में अंधेरा हो, तब कैसे रोशनी को थामे रखना है।

# धुरंधर के सेट से रणवीर-संजय का लीक हुआ वीडियो



**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर से उनका और संजय दत्त का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रणवीर का यह लुक उनकी पुरानी फिल्म पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदार की याद दिलाता है। वहीं, संजय का लुक भी काफी दमदार नजर आया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'धुरंधर' का एक बिहाइंड-द-सीन वीडियो लीक हुआ है। इस वीडियो में रणवीर सिंह लंबे बाल और खास अंदाज में अपनी वैनिटी वैन से सेट की ओर जाते दिखे। उनका लुक कुछ-कुछ उनकी फिल्म 'पद्मावत' के किरदार खिलजी से मेल खाता नजर आया। वहीं, इसी वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए। संजय सफेद पठानी कुर्ता और शॉल में खड़े दिखाई दिए। इस फिल्म में संजय दत्त और रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। धुरंधर को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर बना रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा जुलाई 2024 में की गई थी। रणवीर ने इस फिल्म की घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह मेरे फैंस के लिए है। यह एक खास सिनेमाई अनुभव होगा। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

# लता ने बाथरूम में गाया था 'जब प्यार किया तो डरना क्या'

**बड़ी खास थी वजह, रिजेक्ट हो चुके थे 105 गाने**





**नई दिल्ली।** साल था 1960। थिएटर में एक फिल्म आई, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। नाम था – मुगल-ए-आज़म। दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे बड़े स्टार्स की ये फिल्म अपने शानदार सेट्स, दमदार डायलॉग्स और दिल छू लेने वाले गानों के लिए आज भी याद की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म का सबसे फेमस गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' कितनी मेहनत से बना था? इस गाने को लिखने से पहले 105 गाने रिजेक्ट हो चुके थे। फिर कहीं जाकर इस गाने के बोल फाइनल हुए। इसे लिखने में ही 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। गाने की रिकॉर्डिंग भी आम नहीं थी। संगीतकार नौशाद और गायिका लता मंगेशकर चाहते थे कि आवाज में एक खास गूंज हो, जो स्टूडियो में नहीं मिल पा रही थी। इसलिए, लता जी ने ये गाना बाथरूम में खड़े होकर रिकॉर्ड किया। जी हां, बाथरूम की गूंज को माइक में कैद किया गया और वहीं से निकला वो जादू, जो आज तक सबके दिलों में बसा है।

### 10 लाख थी गाने की लागत

*इस गाने को शूट करने के लिए एक शीशे का भव्य सेट तैयार किया गया था। जिसकी लागत थी करीब 10 लाख रुपए – उस दौर में ये रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी। सिर्फ सेट पर ही 2 लाख खर्च हो गए थे। डायरेक्टर के.आसिफ इस गाने को परफेक्ट बनाना चाहते थे, और उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।*

### 14 साल लगे मुगल-ए-आज़म को बनने में

*मुगल-ए-आज़म को बनने में 14 साल लगे। बीच में प्रोड्यूसर बदल गए, पैसे की कमी आई, लेकिन आसिफ साहब ने हार नहीं मानी। आज भी जब कहीं 'जब प्यार किया तो डरना क्या' ये गाना बजता है, तो सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सिनेमा के पीछे का जुनून और शिद्दत गूंजती है।*

# 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन, अमिताभ को मिली सिर्फ 1 रुपए फीस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में शोहरत और दौलत हमेशा साथ-साथ चलती है। स्टार जितना बड़ा होता है, उसकी तनख्वाह भी उतनी ही ज्यादा होती है। आमतौर पर देखा जाता है कि बड़े एक्टर्स एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए लेते हैं, जो उनकी प्रतिभा, स्टारडम और फिल्म में उनकी मौजूदगी के लिए दी जाने वाली फीस होती है। लेकिन, शायद ही कभी हमें ऐसी कहानी सुनने को मिलती है, जिसमें स्टार्स ने पैसे को पीछे छोड़ दिया हो और अपने रिश्ते को प्राथमिकता दी है। ऐसी ही एक कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े नाम शहंशाह अमिताभ बच्चन की है।

## बिग-बी ने पैसे को पीछे छोड़ अपने रिश्ते को दी प्राथमिकता



### पहले मांगी मुंहमांगी रकम और अगली फिल्म में सिर्फ 1 रुपए

*लेकिन, इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि एक ऐसी दुनिया में जहां स्टार्स अपनी तनख्वाह के लिए मोल-तोल करते हैं, वहीं अमिताभ बच्चन ने सिर्फ 1 रुपए लिए। और, इस इशारे के पीछे की वजह भी उतनी ही दिल को छू लेने वाली है। उस समय यश चोपड़ा और अमिताभ बच्चन ने फिल्म सिलसिला में साथ काम किया था। यश चोपड़ा ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ से पूछा था कि उन्हें कितना पैसा चाहिए। इस सवाल पर बिग बी ने जवाब दिया, 'मुझे और चाहिए, क्योंकि मैं एक घर खरीदना चाहता हूं।' उनकी इच्छा का पालन करते हुए, यश चोपड़ा ने उन्हें उसी हिसाब से भुगतान करना सुनिश्चित किया। अगली बार जब यश चोपड़ा ने मोहब्बतें के लिए अमिताभ से यही सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा, 'आपने मुझे पिछली बार जो मांगा था, वो दे दिया। इस बार मैं फिल्म के लिए सिर्फ 1 रुपए लूंगा।'*

### फिल्म ने बजट से 4 गुना ज्यादा कमाया

यह फिल्म 19 करोड़ रुपए के भारी भरकम बजट पर बनी थी और इसने अपनी लागत से 4 गुना ज्यादा यानी दुनिया भर में 77 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म न सिर्फ व्यावसायिक रूप से सुपरहिट रही, बल्कि इसने अमिताभ जैसे अभिनेताओं की कई पीढ़ियों को उस समय के उभरते सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ एक साथ ला खड़ा किया। आज भी अमिताभ बच्चन दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। हिंदी फिल्म सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है और आज भी वे बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं। आज भले ही वे काफी ज्यादा पैसे लेते हों, लेकिन मोहब्बतें के लिए सिर्फ 1 रुपए लेने का उनका अंदाज दिखाता है कि वे न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

**खबर संक्षेप**

## किरायेदारों की वेरिफिकेशन में सहयोग करें: एसपी



रेवाड़ी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाने हेतु घरों में बाहर से आए हुए किरायेदारों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाकर पुलिस का सहयोग करें। आपराधिक किस्म के व्यक्ति बाहर से आकर किराए पर रहकर अपराध को अंजाम देकर भाग जाते हैं, फिर उनका रिकार्ड ना तो मकान मालिक के पास होता और ना पुलिस के पास होता है। इसलिए सुरक्षा के मद्देनजर इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए बाहर से आए हुए किरायेदारों की सत्यापन रिपोर्ट करवाकर संबंधित पुलिस थाना में रिकार्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें।

## पत्र लिखकर की समस्या के समाधान की मांग

रेवाड़ी । वार्ड नं. 23 के पार्षद एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता ने समस्त निवासियों की तरफ से विधायक लक्ष्मण सिंह यादव को पत्र लिखकर शहाजहांपुर रोड निकट अनाज मंडी रेलवे फाटक नं. 61 पर ओवरब्रिज की समस्याओं से कराया। इस ओवरब्रिज का उद्घाटन 15 जून को मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे। ओवरब्रिज के आसपास समस्याओं का भी अंबार लगा हुआ है, जिससे जनता बहुत परेशान है। ओवरब्रिज के दोनों तरफ सर्विस लाइन के नाम पर मात्र पांच फीट जगह है। कंपनीबाग की तरफ से शुरू होकर न्यू आदर्श की ओर रिहायशी कॉलोनी हैं। दोनों तरफ ब्रेकर का निर्माण होना चाहिए ताकि हादसों की आशंका कम हो सके।

## बकाया कम दरों पर जमा कर उठाएं लाभ

रेवाड़ी । हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा अपने प्लॉट धारकों को राहत देने के लिए विवादों से समाधान योजना 2024 शुरू की है। इस योजना के तहत अब लोग अपनी लंबे समय से बकाया बढ़ी हुई राशि को कम दरों पर जमा कर सकते हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य पुराने विवादों को खत्म करते हुए लोगों को आसान तरीके से भुगतान करने का अवसर देना है। इस योजना में कोई कानूनी झंझट नहीं है, लोग सीधे ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ उठाने की अंतिम तारीख 30 जून है।

### न्यू इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल हेतु नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा

# दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रेवाड़ी-दिल्ली-बीकानेर मार्ग पर रेल सेवाएं रहेंगी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



उत्तर रेलवे के दिल्ली मण्डल पर दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर न्यू इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग पैनल हेतु नॉन इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्नलिखित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी।

### आंशिक रद रेल सेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

1. गाड़ी संख्या 12065, अजमेर-दिल्ली सराय रेलसेवा जो दिनांक 21.07.25, 22.07.25, 23.07.25, 25.07.25, 26.07.25 व 28.07.25 को अजमेर से प्रस्थान करेगी वह दिल्ली कैंट तक संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा दिल्ली कैंट-दिल्ली सराय के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। 2. गाड़ी संख्या 12066, दिल्ली सराय-अजमेर रेलसेवा दिनांक 21.07.25, 22.07.25, 23.07.25, 25.07.25, 26.07.25 व 28.07.25 को दिल्ली सराय के स्थान पर दिल्ली कैंट से प्रस्थान करेगी। अर्थात यह रेलसेवा दिल्ली सराय-दिल्ली कैंट के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।3. गाड़ी संख्या 12455, दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा दिनांक 21.07.25 से 28.07.25 तक दिल्ली सराय के स्थान पर शकूरबस्ती से प्रस्थान करेगी। अर्थात यह रेलसेवा दिल्ली सराय- शकूरबस्ती के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।4. गाड़ी संख्या 12456, बीकानेर-दिल्ली सराय रेलसेवा जो दिनांक 20.07.25 से 27.07.25 तक बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह शकूरबस्ती तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा शकूरबस्ती- दिल्ली सराय के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।5. गाड़ी संख्या 14029, श्रीगंगानगर-दिल्ली रेलसेवा जो दिनांक 24.07.25 से 28.07.25 तक श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी वह रेवाडी तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा रेवाडी-दिल्ली के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।6. गाड़ी संख्या 22471, बीकानेर- दिल्ली सराय रेलसेवा जो दिनांक 21.07.25 से 28.07.25 तक बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह दिल्ली कैंट तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा दिल्ली कैंट-दिल्ली सराय के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।7. गाड़ी संख्या 20473, दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी रेलसेवा दिनांक 21.07.25 से 28.07.25 तक दिल्ली सराय के स्थान पर दिल्ली कैंट से प्रस्थान करेगी। अर्थात यह रेलसेवा दिल्ली सराय- दिल्ली कैंट के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।8. गाड़ी संख्या 20474, उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा जो दिनांक 20.07.25 से 27.07.25 तक उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी वह दिल्ली कैंट तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा दिल्ली कैंट-दिल्ली सराय के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।9. गाड़ी संख्या 22472, दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा दिनांक 21.07.25 से 28.07.25 तक दिल्ली सराय के स्थान पर दिल्ली कैंट से संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा दिल्ली सराय-दिल्ली कैंट के मध्य आंषिक रद्द रहेगी।

### रद रेल सेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

1. गाड़ी संख्या 12215, दिल्ली सराय-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 24, 26 व 28 जुलाई को रद्द रहेगी
2. गाड़ी संख्या 12216, बान्द्रा टर्मिनस- दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 23.07.25, 25.07.25 व 27.07.25 को रद्द रहेगी।
3. गाड़ी संख्या 12458, बीकानेर-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 20.07.25 से 27.07.25 तक रद्द रहेगी।
4. गाड़ी संख्या 22421, दिल्ली सराय-जोधपुर रेलसेवा दिनांक 21.07.25 से 28.07.25 तक रद्द रहेगी।
5. गाड़ी संख्या 22422, जोधपुर- दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 21.07.25 से 29.07.25 तक रद्द रहेगी।
6. गाड़ी संख्या 12457, दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा दिनांक 21.07.25 से 29.07.25 तक रद्द रहेगी।
7. गाड़ी संख्या 12464, जोधपुर-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 24.07.25 को रद्द रहेगी।
8. गाड़ी संख्या 22464, बीकानेर-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 26.07.25 को रद्द रहेगी।
9. गाड़ी संख्या 22463, दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा दिनांक 25.07.25 व 27.07.25 का रद्द रहेगी।
10. गाड़ी संख्या 12985, जयपुर-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 21.07.25 से 28.07.25 तक रद्द रहेगी।
11. गाड़ी संख्या 12986, दिल्ली सराय- जयपुर रेलसेवा दिनांक 21.07.25 से 28.07.25 तक रद्द रहेगी।
12. गाड़ी संख्या 14713, सीकर-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 25.07.25 को रद्द रहेगी।
13. गाड़ी संख्या 14714, दिल्ली सराय- सीकर रेलसेवा दिनांक 25.07.25 को रद्द रहेगी।
14. गाड़ी संख्या 19337, इंदौर-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 20.07.25 व 27.07.25 को रद्द रहेगी।
15. गाड़ी संख्या 19338, दिल्ली सराय- इंदौर रेलसेवा दिनांक 21.07.25 व 28.07.25 को रद्द रहेगी।
16. गाड़ी संख्या 20913, राजकोट-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 24.07.25 को रद्द रहेगी।
17. गाड़ी संख्या 20914, दिल्ली सराय- राजकोट रेलसेवा दिनांक 25.07.25 को रद्द रहेगी।
18. गाड़ी संख्या 20937, पोरबंदर-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 22.07.25 व 26.07.25 को रद्द रहेगी।
19. गाड़ी संख्या 20938, दिल्ली सराय-पोरबंदर रेलसेवा दिनांक 24.07.25 व 28.07.25 को रद्द रहेगी।
20. गाड़ी संख्या 20983, भुज-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 25.07.25 को रद्द रहेगी।
21. गाड़ी संख्या 20984, दिल्ली सराय- भुज रेलसेवा दिनांक 26.07.25 को रद्द रहेगी।
22. गाड़ी संख्या 22481, जोधपुर-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 20.07.25 से 27.08.25 तक रद्द रहेगी।
23. गाड़ी संख्या 22482, दिल्ली सराय- जोधपुर रेलसेवा दिनांक 21.07.25 से 28.07.25 तक रद्द रहेगी।
24. गाड़ी संख्या 22949, बान्द्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 23.07.25 को रद्द रहेगी।
25. गाड़ी संख्या 22950, दिल्ली सराय-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा दिनांक 24.07.25 को रद्द रहेगी।
26. गाड़ी संख्या 22985, उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय रेलसेवा दिनांक 27.07.25 को रद्द रहेगी।
27. गाड़ी संख्या 22986, दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी रेलसेवा दिनांक 27.07.25 को रद्द रहेगी।
28. गाड़ी संख्या 54085, दिल्ली-सातरोड़ रेलसेवा दिनांक 21.07.25 से 28.07.25 तक रद्द रहेगी।
29. गाड़ी संख्या 54086, सातरोड़- दिल्ली रेलसेवा दिनांक 21.07.25 से 28.07.25 तक रद्द रहेगी।
30. गाड़ी संख्या 54309, दिल्ली-हिसार रेलसेवा दिनांक 24.07.25 से 28.07.25 तक रद्द रहेगी।
31. गाड़ी संख्या 54316, हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा दिनांक 24.07.25 से 28.07.25 तक रद्द रहेगी।
32. गाड़ी संख्या 54315, रेवाड़ी- हिसार रेलसेवा दिनांक 24.07.25 से 28.07.25 तक रद्द रहेगी।
33. गाड़ी संख्या 54310, हिसार-दिल्ली रेलसेवा दिनांक 24.07.25 से 29.07.25 तक रद्द रहेगी।
34. गाड़ी संख्या 54413, दिल्ली-रेवाड़ी रेलसेवा दिनांक 24.07.25 से 28.07.25 तक रद्द रहेगी।
35. गाड़ी संख्या 54414, रेवाड़ी-दिल्ली रेलसेवा दिनांक 24.07.25 से 28.07.25 तक रद रहेगी।

### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से)

*1. गाड़ी संख्या 12259, सियालदाह-बीकानेर रेलसेवा जो दिनांक 23.07.25 व 27.07.25 को सियालदाह से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली-दिल्ली किषनगंज- दयाबस्ती-पटेलनगर होकर संचालित होगी। 2. गाड़ी संख्या 12323, हावडा-बाडमेर रेलसेवा जो दिनांक 22.07.25 व 25.07.25 को हावडा से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किषनगंज- दयाबस्ती- पटेलनगर होकर संचालित होगी। 3. गाड़ी संख्या 12372, बीकानेर-हावड़ा रेलसेवा जो दिनांक 24.07.25 को बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग पटेल नगर-दयाबस्ती-दिल्ली किषनगंज-दिल्ली होकर संचालित होगी। 4. गाड़ी संख्या 12414, जम्मूतवी-अजमेर रेलसेवा जो दिनांक 23.07.25 से 27.07.25 तक जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किषनगंज- दयाबस्ती-पटेलनगर होकर संचालित होगी।*

*5. गाड़ी संख्या 12915, साबरमती-दिल्ली रेलसेवा जो दिनांक 23.07.25 से 27.07.25 तक साबरमती से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग पटेल नगर-दयाबस्ती-दिल्ली किशनगंज-दिल्ली होकर संचालित होगी। 6. गाड़ी संख्या 12916, दिल्ली- साबरमती रेलसेवा जो दिनांक 26.07.25 से 28.07.25 तक दिल्ली से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किशनगंज- दयाबस्ती- पटेलनगर होकर संचालित होगी। 7. गाड़ी संख्या 14088, जैसलमेर-दिल्ली रेलसेवा जो दिनांक 26.07.25 व 27.07.25 को जैसलमेर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग पटेल नगर-दयाबस्ती-दिल्ली किशनगंज-दिल्ली होकर संचालित होगी। 8. गाड़ी संख्या 14312, भुज-बरेली रेलसेवा जो दिनांक 25.07.25 को भुज से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग पटेल नगर-दयाबस्ती-दिल्ली किशनगंज-दिल्ली होकर संचालित होगी। 9. गाड़ी संख्या 14321, बरेली-न्यू भुज रेलसेवा जो दिनांक 27.07.25 व 28.07.25 को बरेली से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किशनगंज-दयाबस्ती-पटेल नगर होकर संचालित होगी। 10. गाड़ी संख्या 14322, भुज-बरेली रेलसेवा जो दिनांक 26.07.25 व 27.07.25 को भुज से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग पटेल नगर-दयाबस्ती-दिल्ली किशनगंज-दिल्ली होकर संचालित होगी।*

*11. गाड़ी संख्या 14661, बाडमेर-जम्मूतवी रेलसेवा जो दिनांक 21.07.25 से 28.07.25 को बाडमेर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग पटेल नगर-दयाबस्ती-दिल्ली किशनगंज-दिल्ली होकर संचालित होगी। 12. गाड़ी संख्या 14662, जम्मूतवी-बाडमेर रेलसेवा जो दिनांक 26.07.25 व 27.07.25 को जम्मूतवी से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किषनगंज-दयाबस्ती-पटेल नगर होकर संचालित होगी। 13. गाड़ी संख्या 15624, कामाख्या-भगत की कोठी रेलसेवा जो दिनांक 25.07.25 को कामाख्या से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किशनगंज- दयाबस्ती- पटेल नगर होकर संचालित होगी। 14. गाड़ी संख्या 15715, किशनगंज-अजमेर रेलसेवा जो दिनांक 25.07.25 व 27.07.25 को किशनगंज से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किशनगंज- दयाबस्ती- पटेल नगर होकर संचालित होगी। 15. गाड़ी संख्या 19270, मुजफ्रपुर-पोरबंदर रेलसेवा जो दिनांक 27.07.25 को मुजफरपुर से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग दिल्ली-दिल्ली किषनगंज- दयाबस्ती- पटेल नगर होकर संचालित होगी। 16. गाड़ी संख्या 19565, ओखा-देहरादून रेलसेवा जो दिनांक 25.07.25 को ओखा से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग मार्ग पटेल नगर-दयाबस्ती-दिल्ली किशनगंज-नई दिल्ली होकर संचालित होगी। 17. गाड़ी संख्या 19566, देहरादून-ओखा रेलसेवा जो दिनांक 27.07.25 को देहरादून से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली-दिल्ली किशनगंज- दयाबस्ती- पटेल नगर होकर संचालित होगी। 18. गाड़ी संख्या 19601, उदयपुर सिटी-न्यू जलपाईगुडी रेलसेवा जो दिनांक 26.07.25 को उदयपुर सिटी से प्रस्थान करेगी वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग पटेल नगर-दयाबस्ती-दिल्ली किशनगंज- दिल्ली होकर संचालित होगी।*

# नूंह के किसानों का साथ देने को अभियान

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ रेवाड़ी

आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने नूह जिला के 9 गांवों के किसानों की भूमि अधिग्रहण के बदले जायज मुआवजा 71 लाख रुपये की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन के समर्थन में एवम आंदोलनकारी किसानों पर की जा रही दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में गांव में जन अभियान चलाया। किसानों से अपील की गई नूह जिला के पीड़ति किसानों के संघर्ष में साथ दे। संगठन 4 जून को मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त की मार्फत इस आशय का एक ज्ञापन भी प्रेषित करेगा।

संगठन के जिला प्रधान रामकुमार निमोठ व अमर सिंह राजपुरा ने बताया कि इस अभियान का नेतृत्व आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के अखिल भारतीय



रेवाड़ी। अभियान में शामिल संगठन के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

अध्यक्ष, सयुक्त किसान मोर्चा के एक नेता कामरेड सत्यवान व कामरेड राजेन्द्र सिंह ने किया। कामरेड सत्यवान ने कहा कि केंद्र एवम राज्य सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट आंदोलन ही एकमात्र विकल्प है। कामरेड राजेन्द्र सिंह ने कहा नूह के 9 गांवों के किसानों के साथ दमन किया जा रहा है। प्रदेश की सरकार उनकी बात को सुन नही रही है। सरकार ने समय रहते किसानों से बातचीत का रास्ता निकाल कर समाधान नहीं किया तो सैकड़ों किसान पैदल नूंह जाएंगे।

# पौधरोपण अभियान में बढ़ चढ़कर लें भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पर्यावरण संरक्षण के साथ अपने संस्कारों का समावेश करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 शुरू हो रहा है। इसके तहत जिला में अधिक से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधों की उपलब्धता वन विभाग के नर्सरियों और विभागीय स्त्रोत से सुनिश्चित की जाएगी। राष्ट्रव्यापी इस पुनीत अभियान में रेवाड़ी जिला के हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहे इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाएं। यह बात डीसी अभिषेक मीणा ने कही। डीसी मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 को सफल बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि 5 जून को विश्व



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा। फोटो: हरिभूमि

पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जिला रेवाड़ी के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन एक पेड़ मां के नाम अभियान-2.0 के तहत पौधरोपण किया जाएगा। जिला मुख्यालय सहित खंड स्तर पर पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधे लगाए जाएगें। मीणा ने वन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे इस अभियान के साथ आमजन को जोड़ते हुए उनकी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। डीसी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में एक पेड़ मां के नाम राष्ट्रव्यापी अभियान 2.0 के माध्यम से आमजन से अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया गया है। वहीं हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान-2.0 के तहत पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग एवं सतर्क है।

### चिन्हित स्थानों पर होगा पौधरोपण

डीसी ने बताया कि सरकार की ओर से प्रदेशभर में महापौधरोपण अभियान चलाकर सार्वजनिक चिह्नित स्थानों पर पौधरोपण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस जनभागीदारी के कार्यों से ही स्वच्छ व स्वस्थ पर्यावरण का माहौल बनता है। ऐसे में पौधरोपण कर न केवल हम पर्यावरण को बचाएंगे बल्कि वानिकीकरण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एक पेड़ मां के नाम अभियान के प्रति सक्रिय है और यह अभियान लगातार चलता रहेगा।

# लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला ने शहर के वार्ड 13 की सैनी चौपाल में जन समस्याएं सुनी और परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, बुढ़ापा पेंशन, विदुर पेंशन, अविवाहित पेंशन जैसी दर्जनों योजनाओं की कार्यशाला लगाई। मौके पर ही लगभग 150 परिवारों को लाभकारी पोर्टल द्वारा लाभान्वित भी करवाया। शहरवासियों ने वार्ड 11 में बन रही सीमेंट कंक्रीट की सड़कों की गुणवत्ता के बारे में भी बताया तथा मौके पर ले जाकर दिखाया। वार्डवासियों का आरोप है कि जिस सड़क को तोड़ कर, व जिस सड़क


रेवाड़ी। लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सतीश खोला।

के ऊपर नई सड़क बनाई है उससे तो पुरानी सड़क ही बहुत अच्छी थी उस सड़क को बिना मौका मुआयना करे ही तोड़ दिया जिससे लाखों रुपयों का नगर परिषद को नुकसान हुआ है तथा जो बनाई है उसकी एक दिन में ही रोड़ी निकल गई। सतीश खोला ने मौके से ही अधिकारियों से बात की और मौका देखने को कहा जल्द ही सारी बातें सामने आ जाएगी। वार्डवासियों ने दिया अपना मांग पत्र इस मौके पर वार्ड के लोगों ने सतीश खोला को एक मांग पत्र भी दिया। कार्यक्रम में नगर पार्षद चंदन यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. कविता यादव, सोम प्रधान, रूबी सब्बरवाल, दीपा भारद्वाज, अलका मलिक सागर शर्मा, राजीव, नरेश समेत सैकड़ों नगरवासी मौजूद रहे।

# स्कूल में साइकिल चलाकर दिया विश्व साइकिल दिवस का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर के अध्यापक मुकेश कुमार ने विश्व साइकिल दिवस की शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि विश्व साइकिल दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण व सेहत के प्रति जागरूक कर साइक्लिंग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि साइकिल का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। साइक्लिंग प्रकृति को सुंदर बनाने के साथ साथ शरीर को ऊजार्वान बनाता है। शारीरिक व आर्थिक रूप से साइकिल बहुत ही किफायती वाहन है जिसे भारतीय परिपेक्ष्य में लोग स्कूल कॉलेज से लेकर कार्यस्थल तक जाने के लिए


रेवाड़ी। विश्व साइकिल दिवस पर साइक्लिंग करते टीचर मुकेश कुमार।

साइकिल का इस्तेमाल करते हैं। साइकिल पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से बहुत लाभकारी है जो डीजल पेट्रोल का दोहन कम होने के साथ शहर का प्रदूषण स्तर भी कम करता है। उन्होंने स्कूल, कॉलेज और कोई भी संस्थान, ऑफिस, समिति आदि में साइकिल को बढ़ावा देने के लिए किया।

# आईआईटी जेईई एडवांस में सूरज स्कूल का शानदार प्रदर्शन

■ छात्र अतुल पुत्र राजकुमार गुप्ता ने 2223वीं रैंक पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गत दिवस जेईई एडवांस के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर आयोजित इस परीक्षा में छात्र अतुल पुत्र राजकुमार गुप्ता ने 2223वीं रैंक, तेजल पुत्री विजयचंद ने 2542वीं एवं आदित्य पुत्र जयपाल सिंह ने 2592वीं रैंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आयुष तिवारी ने 2867वीं रैंक, कल्पना ने 3688वीं रैंक, करिश्मा ने 3747वीं रैंक, हिमांशी ने 3988वीं रैंक, तनुजपाल ने 4619वीं रैंक, इरफान ने 5117वीं रैंक, निखिल शर्मा ने 5269वीं रैंक, अभिनव कुमार ने


आदित्य अतुल तेजल

6816वीं रैंक, मानविक कुमार गुप्ता ने 9456वीं रैंक, निष्ठा ने 9695वीं रैंक सहित अन्य विद्यार्थियों कुणाल, अभिषेक, भविष्य, सोनाक्षी, कमल, समीक्षा, हर्षित, मनोज, सोनम चौहान, अजय कुमार, पवन शर्मा, विजयपाल, हरकेश, रीतु कुमारी, मोनिका आदि विद्यार्थियों ने भी अच्छे रैंक के साथ इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने करने में सफलता प्राप्त की। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में दाखिला प्राप्त कर इंजिनियरिंग की पढ़ाई करेंगे।

### डबुआ मंडी में ईको एम्पॉवर प्रोजेक्ट हुआ लांच

# पीपीपी मॉडल से मंडी की सफाई व्यवस्था होगी सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में परनो-रिका इंडिया फाउंडेशन एवं उसकी सीएसआर सहयोगी द सोशल लैब तथा मार्केट कमेटी फरीदाबाद की साझीदारी में मंगलवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में ईको एम्पॉवर कार्यक्रम का शुभारंभ एनआईटी-86 के विधायक सतीश कुमार फागना द्वारा किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई । कार्यक्रम में उपस्थित मंडी के किसानों, व्यापारियों एवं मजदूरों को संबोधित करते हुए विधायक ने



रेवाड़ी । मंडी के प्लास्टिक कचरे से बनेगी जनसुविधा वस्तुएं। फोटो: हरिभूमि

बताया कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री द्वारा सफाई की महता के बारे अनेकों बार हम सब को जागरूक किया है। सफाई में सबसे पहली जिम्मेदारी स्वयं से आती है और इस प्रकार मंडी तथा शहर को स्वच्छ रखने में आमजन का सहयोग है। उन्होंने मंडी के आढ़तियों को अपना परिवार बताते हुए सभी से एक डस्टबीन और झाड़ू रखने की भी अपील की।

कार्यक्रम में परनो-रिका की महाप्रबंधक अवंतिका सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि कंपनी अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है और इसी कड़ी में ईको एम्पॉवर कार्यक्रम है, जिसमें प्लास्टिक की रिसाइकलिंग के साथ-साथ सफाई कर्मचारियों की स्वस्थ की देखरेख भी की जाएगी। उन्होंने भी मंडी के व्यापारियों को इसमें शामिल होने की अपील की तथा कार्यक्रम के आयोजन के लिए एनआईटी-86 विधायक एवं मंडी बोर्ड के अधिकारियों का धन्यवाद किया। जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी फरीदाबाद विनय यादव ने बताया पर्यावरण प्रदूषण में प्लास्टिक कचरा सबसे गंभीर खतरा है , उन्होंने जानकारी दी कि किसी भी अंतर्राष्ट्रीय कंपनी द्वारा प्लास्टिक कचरे की रिसाइकलिंग का हरियाणा की मंडी में यह पहला प्रयोग है, जिसमें कंपनी द्वारा 85 हजार किलोग्राम प्लास्टिक कचरे को प्रतिवर्ष रिसाइकल किया जाएगा तथा उससे जनसुविधा योग्य वस्तुओं का निर्माण होगा। यह इको एम्पॉवर कार्यक्रम पीपीपी मॉडल के आधार पर सतत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा जो हरियाणा के कृषि मंत्री माननीय श्याम सिंह राणा तथा मार्केटिंग बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहूजा के स्वच्छ मंडी विजन के अनुरूप है। वरिष्ठ भाजपा नेता कविन्दर फागना, मार्केट कमेटी सचिव यदुराज यादव, वार्ड पार्षद भगवान सिंह, राजेश डागर, जयवीर खटाना, नीरज भाटिया, टीएसल कंपनी के मैनेजर रिषभ, धर्मेद्र फागना, मंडी के पूर्व प्रधान हर्ष आहूजा आदि मौजूद रहे।


रेवाड़ी। मेघवाल समाज की बैठक में भाग लेते समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

### बावल: पांच गांवों की पंचायत में मेघवाल शब्द के इस्तेमाल पर बनीं सहमति

बावल । मेघवाल उत्थान समिति की साप्ताहिक बैठक मंगलवार को जलियावास गांव में हुई। बैठक की अध्यक्षता सूबेदार बलदेव सिंह ने की। समिति के सचिव भूपेन्द्र शेखपुर ने बताया कि इस अवसर पर मेघवाल उत्थान समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य तथा मेघवाल समाज के लोग मौजूद थे। संरक्षक वेदप्रकाश नांगल तेजु व अध्यक्ष सूरजभान मेघवाल ने बताया की सभी ने समाज में हो रही जागृति को लेकर मेघवाल उत्थान समिति की सराहना की और संगठन विस्तार भी किया जाएगा। ईश्वर सिंह सुठानी ने कहा कि अंधविश्वास को त्यागना चाहिए। समाज में बहुत ही कुरीतियों को दूर करना भी जरूरी है। सभी ने मेघवाल शब्द को लेकर एकजुट सहमति जताई। और अनुसूचित जाति में चमार की जगह मेघवाल को अपनाने पर सभी ने सहमति जताई। इस मौके पर मुख्य रूप से राजस्थान से मेघवंशी सुंदरलाल भटेडिया, गजराज मेघवंशी, शिक्षाविद अशोक मेघवाल, वेदप्रकाश, सूरजभान, बलबीर, सरपंच हरपाल सुठाना, तेजपाल, रूडाराम, रिछपाल, रमेशचंद्र सूबेदार, परमेश्वर, सतीश, मातादीन, रणबीर, राजेंद्र, रामेश्वर, श्यामलाल, सतबीर, देवीधन, राजकुमार, सीताराम, कुलदीप, जयवीर, मंगलाराम, लालचंद, नरेंद्र, बलजीत व समाज के कई लोग मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### कंपनी की पार्किंग में खड़ी बाइक उड़ाई

**बावल।** औद्योगिक एरिया के सेक्टर-3 में चोर एक कंपनी की पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में चरखी दादरी के रूपगढ़ निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह एक कंपनी में काम करता है। वह अपने चचेरे भाई नरेश की बाइक लेकर कंपनी आया था। बाइक को पार्किंग में खड़ी करने के बाद वह कंपनी चला गया। बाहर आने पर उसे बाइक नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला। कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी।

### चोरी की बाइक के साथ नाबालिग गिरफ्तार

**बावल।** थाना बावल पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। रानोली निवासी मनोज कुमार की बाइक एक समारोह स्थल से उस समय चोरी हो गई थी, जब वह बाइक खड़ी करने के बाद कंपनी चला गया था। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में एक गांव निवासी नाबालिग को पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर चोरी की बाइक बरामद कर ली। नाबालिग को जुवेनाइल जस्टिस्ट बोर्ड के समक्ष पेश करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

### एनडीपीएस एक्ट का आरोपी जांच में शामिल

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक आरोपी को हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद उसे जांच में शामिल है। पुलिस ने नशीला पदार्थ बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ 5 मई को एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इस केस में आदर्श नगर निवासी कृष्ण का नाम आने के कारण उसने हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली। पुलिस ने उसे जमानत मिलने के बाद जांच में शामिल करते हुए मुचलके पर छोड़ दिया।

### निर्जला एकादशी को लेकर तैयारियों में जुटे संगठन

**रेवाड़ी।** भगवान विष्णु को समर्पित एकादशी तिथि को श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक उपलब्धि का माध्यम माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सभी एकादशियों में श्रेष्ठ एवं अक्षय फल प्रदान करने वाली ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की निर्जला या भीमसेनी एकादशी बहुत महत्वपूर्ण मानी गई है। ज्योतिषाचार्य रामदत्त शर्मा के अनुसार इस व्रत में पानी पीना वर्जित है इसलिए इसे निर्जला एकादशी कहते हैं। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि का शुभारंभ 6 जून को देर रात 2 बजकर 15 मिनट पर होगा, जिसका समापन 7 जून को सुबह 4 बजकर 47 मिनट पर होगा। उनका कहना है कि भगवान श्री हरि को तुलसी की मंजरी, पीला चन्दन, रोली, अक्षत, पीले पुष्प, ऋतु फल एवं धूप-दीप, मिश्री आदि अर्पित करें, इस दिन तुलसी के पत्र तोड़ना वर्जित है। गीता पाठ व विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें, व्रत की सिद्धि के लिए भगवान विष्णु के समक्ष घी का अखंड दीपक जलाएं एवं दीपदान करना शुभ माना गया है। इस एकादशी पर सामर्थ्यनुसार दानादि भी किया जाना चाहिए। इससे दानदाताओं को पुण्य मिलता है।

### बुकिंग कराने वालों पर साइबर ठगों की पैनी नजर

# चारधाम यात्रा जाने वाले यात्री बुकिंग के समय रहें सावधान

साइबर ठग बुकिंग के नाम पर बना सकते हैं ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

चारधाम यात्रा शुरू होने के साथ ही विभिन्न सुविधाओं के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। जरा सी चूक उन्हें साइबर ठगी का शिकार बना सकती है। साइबर ठगों से सावधान रहने के लिए पुलिस विभाग की ओर से भी एडवाजरी की गई है।

यात्रा पर जाने वाले लोग वेबसाइट या मोबाइल एप के माध्यम से होटल, टूर पैकेज और हेलीकॉप्टर आदि की बुकिंग करा रहे हैं। यात्रा के लिए हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु रवाना होते हैं। साइबर ठगों की नजर यात्रा पर जाने वाले लोगों पर रहती है। यात्रा के लिए किसी भी तरह की बुकिंग कराने वाले लोगों के साथ साइबर ठगी की घटनाएं भी शुरू हो गई हैं। हालांकि जिला स्तर पर अभी तक यात्रा की बुकिंग के नाम पर ठगी का मामला सामने नहीं आया है, परंतु प्रदेश के दूसरे जिलों में ऐसी घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

लोग चारधाम की यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर, गेस्ट हाउस, होटल बुकिंग, कैब टैक्सी सर्विस बुकिंग, होली-डे पैकेज और धार्मिक टूर जैसी सेवाओं को ऑनलाइन बुक करवाते हैं। साइबर ठग इन वेबसाइट्स के नकली वर्जन बनाकर लोगों के साथ ठगी रहे हैं। इन ठगों की वेबसाइट से बुकिंग कराने पर उसके अकाउंट से पैसे तो पूरे कट जातें हैं लेकिन बुकिंग का कन्फर्मेशन नहीं मिलता। साथ ही वहां किसी से संपर्क करने से जुड़ी कोई जानकारी भी नहीं मिलती।



रेवाड़ी। साउथ रेंज साइबर पुलिस स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

#### इन बातों का रखें ध्यान

चारधाम यात्रा पर जाने वाले लोगों को सेवाओं की बुकिंग कराने से पहले कई बातों का ध्यान रखना चाहिए। कभी भी किसी भी सेवा का भुगतान करने से पहले वेबसाइट को अच्छे से जांच लें। वेबसाइट का एड्रेस कंफर्म जरूर करें। वेबसाइट के पते में हल्का सा भी फर्क होने पर पेमेंट न करें। साइबर ठग ऑफिशियल वेबसाइट्स से मिलते-जुलते वेबसाइट पते पर ही ठगी का रैकेट चलाते हैं। पहले ऑफिशियल सोर्स से सही वेबसाइट का पता मालूम करें और फिर बुकिंग करें। गूगल, व्हाट्सएप या फेसबुक पर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।

#### क्लिक से पहले लिंक की करें जांच

अगर बुकिंग के लिए किसी लिंक पर क्लिक करना है, तो जांच लें कि आपको सही जगह से लिंक मिला है या नहीं। ट्रैवल एजेंसी को चुनते समय ध्यान रखें। किसी ऐसी एजेंसी को चुनें जो कि काफी समय से इस तरह की सेवाएं दे रही हैं। सस्ते के चक्कर में नई एजेंसियों पर सोच समझकर भरोसा करें। हमेशा ऑफिशियल वेबसाइट से ही बुकिंग करें। इससे ठगी होने की संभावना कम हो जाती है। ठगी होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या साइबर पोर्टल बेवसाइट अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

#### बीते साल से चार गुणा अधिक मामले

साइबर ठगी के मामलों में कमी लाने के लिए पुलिस विभाग की ओर से लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। गत वर्ष साल भर में साइबर पुलिस स्टेशन में ठगी के 83 मामले दर्ज हुए थे। मई माह तक मामलों की संख्या 20 रही थी। इस बाद 31 मई तक 83 मामले दर्ज हो चुके हैं। साइबर थाना पुलिस ठगी रकम जमा होने वाले बैंक खाता धारकों तक पहुंचकर उन्हें जेल के पीछे पहुंचा रही है, परंतु ठगी के गेम में मास्टरमाइंड लोग पुलिस के हत्थे कम ही चढ़ पा रहे हैं।

#### सावधानी से ही बचाना होना संभव

साइबर पुलिस स्टेशन में अभी तक ऐसा कोई मामला सामने नहीं आया है, परंतु साइबर ठग अन्य जगहों पर यात्रा के लिए सेवाओं की बुकिंग के नाम पर ठगी कर रहे हैं। ऐसे में सावधानी ही ठगी से बचा सकती है। थोड़ी सी भी सावधानी बड़े आर्थिक नुकसान से बचा सकती है।

-फूल कुमार, एसएचओ, साइबर पुलिस थाना।


रेवाड़ी। पुलिस लाइन व दूसरे स्थानों पर सफाई करते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

# पुलिसकर्मियों ने सफाई अभियान चलाया

- पुलिस लाइन से लेकर थाना और चौकी परिसरों में सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हाथ में डंडे या हथियार के साथ नजर आने वाले पुलिसकर्मियों ने सफाई अभियान चलाकर पुलिस लाइन से लेकर थाना और चौकी परिसरों में सफाई की। पुलिस विभाग की ओर से सफाई अभियान पूरे जिले में चलाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस लाइन, सभी पुलिस थानों और चौकियों में पुलिसकर्मियों ने व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि साफ सफाई से न केवल पर्यावरण शुद्ध होता है,बल्कि इससे मनुष्य का मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। उस्वच्छ परिसर एक सकारात्मक माहौल तैयार करता है जो कार्य कुशलता को भी बढ़ाता है,जिससे काम करने की क्षमता भी बढ़ती है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी को श्रमदान करना चाहिए। अभियान से पुलिसकर्मियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और समाज में भी स्वच्छता का संदेश जाएगा।

#### सफाई से कार्यस्थल रहता साफ-सुथरा

एसपी ने कहा कि नियमित साफ-सफाई से कार्यस्थल बेहतर होता है। यह अनुशासन एवं जिम्मेदारी का प्रतीक भी बनता है। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ वातावरण के साथ-साथ समाज को यह संदेश देना है कि स्वच्छता सिर्फ सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखें।

#### अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर

आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अति आवश्यक है, प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए तथा वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अपना अहम योगदान देना चाहिए।

# पूर्व एमएलए को बधाई देने उमड़े समर्थक

- सभी ने मिलकर की दीघार्यु की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक चिरंजीव राव का जन्मदिन मंगलवार को उनके निवास स्थान मॉडल टाउन पर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उनके पिता पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, उनकी माता शकुंतला यादव व उनके परिजनों सहित सैकड़ों समर्थक और शुभचिंतक उपस्थित थे, जिनमें युवा, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल थीं। सभी ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना की। उनके जन्मदिन के मौके पर उमड़े समर्थकों ने बता दिया कि आज भी रेवाड़ी की जनता के दिलों में चिरंजीव राव ही राज करते हैं। चिरंजीव राव हरियाणा के एक प्रमुख राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके पिता, कैप्टन अजय सिंह यादव, हरियाणा सरकार में मंत्री रह चुके हैं, और उनके ससुर, लालू प्रसाद यादव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री हैं।


रेवाड़ी। बेटे को जन्मदिन पर केक खिलाते शकुंतला देवी व कैप्टन अजय।

#### रेवाड़ी की जनता ने दिया हमेशा प्यार

इस अवसर पर चिरंजीव राव ने सभी का अभिवादन किया और उनके स्नेह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे हमेशा लोगों की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। चिरंजीव राव का परिवार राजनीतिक रूप से बहुत सक्रिय रहा है। चिरंजीव राव जी ने खुद भी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई है। वे 2019 से 2024 तक रेवाड़ी से विधायक रहे और उन्होंने अपने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए।

# कैंप में बच्चों ने जाना वर्चुअल सिटी टूर का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल के प्रांगण में सात दिवसीय 'भारतीय भाषा समर कैंप' में दूसरे दिन बच्चों को वर्चुअल सिटी टूर का महत्व बताया गया। बच्चों को बताया गया कि वर्चुअल सिटी टूर एक ऐसा इमर्सिव डिजिटल अनुभव है जो उपयोगकताओं को इंटरैक्टिव छवियों या वीडियो के माध्यम से वास्तविक शहरों का पता लगाने की अनुमति देता है। यह उन्नत तकनीक का उपयोग करके, भौतिक स्थानों को डिजिटल प्रारूप में फिर से बनाता है और इंटरनेट एक्सेस वाले किसी भी डिवाइस से विस्तृत और नेविगेट करने योग्य विजुअलाइजेशन प्रदान करता है।

प्राचार्या सरोज यादव ने कैंप में उपस्थित बच्चों को वर्चुअल सिटी टूर के लाभ बताते हुए कहा कि वर्चुअल टूर को किसी भी डिवाइस से एक्सेस किया जा सकता है, जो उन्हें उन लोगों के लिए एक सुविधाजनक विकल्प बनाता है जो यात्रा नहीं कर सकते हैं। वर्चुअल टूर शैक्षिक हो सकते हैं, जो उपयोगकताओं को विभिन्न शहरों और संस्कृतियों के बारे में अधिक जानने की अनुमति देते हैं। वर्चुअल टूर मनोरंजक हो सकते हैं, जो उपयोगकताओं को विभिन्न स्थानों का पता लगाने और नए अनुभवों का अनुभव करने की अनुमति देते हैं। कैंप नोडल अफसर राजेश कुमारी ने रियल लाइफ कन्वर्सेशन प्रैक्टिस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वास्तविक जीवन की स्थितियों में बातचीत का अभ्यास करना, जैसे कि दोस्त से बात करना, रेस्टोरेंट में खाना ऑर्डर करना, या काम पर कोई प्रेजेंटेशन देना। यह आपको आत्मविश्वास और प्रवाह बढ़ाने और सहज रूप से बोलने में मदद करता है।


रेवाड़ी। समर कैंप में मौजूद विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ।

#### बच्चों को दी मनोरंजक जानकारियां


रियल लाइफ कन्वर्सेशन प्रैक्टिस आपको सहज रूप से सोचने और प्रतिक्रिया देने में मदद करती है, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह आपको वास्तविक जीवन में इस्तेमाल होने वाली शब्दावली और व्याकरण के विभिन्न रूपों को सीखने में मदद करता है। यह आपको भाषा के साथ-साथ संस्कृति के बारे में भी जानकारी देता है, जिससे आप बेहतर तरीके से संवाद कर सकते हैं। आप अपनी रुचियों या दैनिक जीवन में सामना करने वाली स्थितियों के अनुसार विषय चुन सकते हैं। कैंप के दूसरे दिन सभी छात्रों ने मनोरंजक रूप से जानकारियां प्राप्त करते हुए कैम्प का लुफ्त उठाया।

# नमित व मेघा ने मारी जेईई एडवांस में बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया विद्यार्थियों की उपलब्धि पर शिक्षकों एवं प्रबंधन समिति ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय के मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि गत दिवस घोषित जेईई एडवांस के परीक्षा परिणाम में स्कूल के दो विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नमित जैन मंदिर एवं मेघा महेश्वरी ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान प्रदीप जैन, उप प्रधान राकेश जैन, सचिव अमित जैन, प्रबंधक मोहित जैन, कोषाध्यक्ष सचिन जैन, शासकीय निकाय सदस्य अनुज जैन, भारत जैन, पलका जैन एवं प्रद्युम्न जैन , प्रधानाचार्य सोनल छाबड़ा, उपप्रधानाचार्य विजय गुप्ता समेत सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं दीं।


नमित व मेघा।


मेघा।

# स्वस्थ शरीर का संदेश देता है विश्व साइकिल दिवस

जेपी यादव ▶▶| धारूहेड़ा

3 जून को पूरे विश्व में 'विश्व साइकिल दिवस' मनाया जाता है, जिसे 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मान्यता दी थी। साइकिल पर्यावरण के लिए अनुकूल, ध्वनि रहित, स्वास्थ्यवर्धक और रोजगार देने वाला वाहन है। साइकिल पर लाइसेंस और कर लगाया जाता था, जिसे 1958 में हटाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी साइकिल दिवस पर स्वास्थ्य और पर्यावरण का हितैषी बताकर इसकी कई उपयोगिता का वर्णन किया है। साइकिल का आविष्कार 18वीं शताब्दी में हुआ पर समय और वक्त के साथ इसमें सुधार होता गया और वर्तमान में हमें आधुनिक, सुधरा और नई तकनीकों से सुसज्जित रूप देखने को मिल रहा है। साइकिल में नई तकनीक का उपयोग हुआ तो इसकी कीमतों में भी काफी वृद्धि हुई। साइकिल ऐसा वाहन है जो पर्यावरण के लिए उपयोगी होने साथ ध्वनि प्रदूषण रहित, स्वास्थ्य के लिए लाभकारी और रोजगार प्रदान करने वाला वाहन है।


धारूहेड़ा। नपा परिसर में साइकिल चलाते चेयरमैन कंवर सिंह यादव व एक शोरूम में रखी स्टाइलिश साइकिलें। फोटो : हरिभूमि

#### दहेज में दी जाती थी साइकिल

नपा अध्यक्ष कंवर सिंह बताते हैं कि एक समय किसी के पास साइकिल होना बहुत बड़ी बात थी। विवाह में दहेज में साइकिल देने का चलन था। मेरे पिताजी मुझे बताते थे कि हमारे गांव में एक साहूकार ने अपने बेटे को साइकिल दिलवाई, आसपास के गांव के लोग साइकिल को देखने आते थे और अचरज करते थे। किसी समय साइकिल होना एक गर्व की बात मानी जाती थी। साइकिल पर लगने वाला दो रुपये का वार्षिक टोकन लगता था बाद में साइकिल कर वापस ले लिया गया था। कपड़ा मिलों के मजदूरों के पास यातायात का मुख्य साधन ही साइकिल था।

### घर में घुसे युवक को पकड़कर पेड़ से बांधा

**धारूहेड़ा।** गुर्जर घटाल में रात के समय घर में घुसे एक युवक को पकड़कर पेड़ से बांधना परिवार के सदस्यों को उसे समय महंगा पड़ गया, जब युवक के परिजनों ने आकर मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट में परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। अस्पताल में उपचाराधीन जगबीर ने पुलिस बयान में बताया कि उसने नीलम चौक पर चाय की दुकान की हुई है। गत 30 मई को वह घर में परिवार के साथ सो रहा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला सन्नीपाल नाम का युवक उसके घर में घुस गया। उसके बेटे ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

# खेल परिसर की भूमि से कब्जा हटवाने की मांग

- पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, जिला उपायुक्त व जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

नाहड़ की सामाजिक संस्था जागृति मंच ने खण्ड शिक्षा अधिकारी नाहड़ को पत्र देकर राजकीय स्कूल नाहड़ के खेल परिसर की भूमि पर हुए कब्जे को हटवाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि पशु अस्पताल के साथ लगते खेवट नम्बर 1003 व खाता नंबर 1409 की स्कूल की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। इस विषय को लेकर कई बार स्कूल प्रशासन को मौखिक रूप से भी अवगत कराया गया है लेकिन स्कूल प्रशासन ने अपनी उक्त जमीन से अभी तक अवैध कब्जा हटवाने बारे कोई कार्रवाई नहीं की है। संस्था के प्रेम प्रकाश नाहड़ ने बताया कि नाहड़ स्कूल प्रशासन अपनी उक्त जमीन की कोई सुध नहीं ले रहा। इसलिए ही अवैध कब्जा धारियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है और कुछ लोग विभिन्न प्रकार से स्कूल की उक्त जमीन पर अवैध कब्जा करते जा रहे हैं। संस्था ने नाहड़ स्कूल की उक्त सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है जिससे उक्त सरकारी स्कूल की जमीन का स्कूल के लिए उपयोग हो सके। संस्था ने पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, जिला उपायुक्त व जिला शिक्षा अधिकारी को भी भेजी है। उधर संस्था के पत्र पर संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने रावमा विद्यालय नाहड़ के प्राचार्य को मामले की जांच कर कब्जा हटवाने के निर्देश दिए हैं।

**राजनीति** | नए परिसीमन में रेवाड़ी सीट आरक्षित होने के लगाए जा रहे कयास

# बावल के 'सरदार' का रेवाड़ी में लगा दरबार भविष्य की रणनीति पर चल रहे विधायक

चुनाव जीतने के बाद विधायक साहब शहर में ही बैठकर सुन रहे समस्याएं

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

अगले साल संभावित परिसीमन को लेकर आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति पर अभी से काम शुरू हो गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि नए परिसीमन में दशकों से चली आ रही बावल सीट को अनारक्षित किया जा सकता है। उसके बदले इस बार रेवाड़ी सीट आरक्षित हो सकती है। बावल के विधायक कृष्ण कुमार ने शायद इसी बात को ध्यान में रखते हुए चुनाव जीतने के बाद हलके के लोगों के बीच जाने की बजाय उनकी समस्याएं सुनने के लिए रेवाड़ी में कार्यालय बनाकर दरबार लगाना शुरू कर दिया है। इससे फरियाद लेकर विधायक के पास पहुंचने वाले लोगों को लंबी दूरी और परेशानी झेलनी पड़ रही है। बावल हलके के लोगों में इस बात की चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि उनके विधायक चुनाव जीतने के बाद विशेष कार्यक्रमों को छोड़कर हलके के लोगों के बीच जाने से बच रहे हैं। विधायक कृष्ण कुमार ने सेक्टर-1 में कार्यालय बनाया हुआ है। वह इसी कार्यालय से बावल हलके की राजनीति का संचालन कर रहे हैं। उनके हलके के लोगों को अपनी फरियाद लेकर आने में लंबी दूरी, अधिक किराया और समय की बर्बादी जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे हलके के लोगों में विधायक के प्रति नाराजगी भी पैदा होने लगी है, परंतु विधायक को फिलहाल इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।


डा. कृष्ण कुमार


अनिल रायपुर


अनिल यादव

#### बनवारीलाल लगातार रहे लोगों के बीच



पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल बावल हलके से दो बार विधायक बन चुके हैं। गत विधानसभा चुनावों में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने उनकी टिकट पर कैंची चलवा दी थी। इसके बाद डा. बनवारीलाल ने चुनाव नहीं लड़ा था। दोनों बार विधायक बनने के बाद डा. बनवारीलाल ने लगातार हलके के लोगों के बीच रहते हुए उनकी समस्याएं सुनने के लिए अपने बावल निवास पर ही दरबार लगाया था। डा. कृष्ण की हलके के लोगों से दूरी डा. बनवारीलाल की लगातार लोगों के बीच मौजूदगी की याद दिलाने लगी है। हलके के लोगों का कहना है कि विधायक उनसे लगातार दूरी बनाए हुए हैं।

#### बावल पर टिकी कई नेताओं की नजर

नए परिसीमन में बावल के सामान्य सीट घोषित होने की संभावना से कई सामान्य वर्ग के नेताओं की इस सीट पर निगाहें टिक चुकी हैं। राव इंद्रजीत सिंह के खास समर्थक माने जाने वाले अनिल रायपुर ने गत विधानसभा चुनावों में रेवाड़ी हलके से टिकट की दोवदारी जताई थी। आगामी रणनीति को देखते हुए अनिल रायपुर ने बावल हलके में सक्रियता बढ़ाई हुई है। अगर सीट सामान्य होती है, तो राव खेमे से आगामी चुनावों में वह टिकट के दावेदारी में अग्रिम पंक्ति में खड़े नजर आ सकते हैं।